तापमान

अधिकतम 27 डिग्री
न्यूनतम 13 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि

रायपुर, सोमवार, 17 नवंबर 2025


11 बंपर आवक के बाद भी दाम नहीं टूटे



12 गोकुलनगर योजना को मिलेगी नई रफ्तार





## खबर संक्षेप

### मध्य छग में शीतलहर की संभावना

■ दो दिन बाद 2 से 3 डिग्री तापमान बढ़ सकता है

**धमतरी।** अगले तीन दिनों तक उत्तर तथा मध्य छत्तीसगढ़ के एक-दो स्थानों में शीतलहर चलने की संभावना है। मौसम विभाग रायपुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार आगामी 3 दिनों तक प्रदेश में न्यूनतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन नहीं होगा। उसके बाद 2 से 3 डिग्री तापमान में वृद्धि होने की संभावना है। वहीं मध्य और उत्तर छग के एक-दो पॉकेट में शीतलहर चलने की संभावना है। प्रदेश में मौसम शुष्क रहेगा। अधिकतम और न्यूनतम तापमान 28 से 13 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है।

### अछोटी में आज से श्रीमद्भागवत कथा

**सिर्री।** ग्राम अछोटी के खेल मैदान में संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा 17 से 23 नवंबर तक आयोजित है।



यह आयोजन विष्णुराम, बलीराम, राधाबाई, जेठूमल परिवार द्वारा किया जा रहा है। परीक्षित टीकाराम त्रिवेणी साहू होंगे। कथावाचक आचार्य पं. युवराज पांडेय महाराज रहेंगे। भागवत कथा दोपहर 1 बजे प्रारंभ होगी। सोमवार को कलश यात्रा के साथ कथा का शुभारंभ होगा। ग्रामवासियों का महत्वपूर्ण सहयोग रहेगा।

### धमतरी ग्रामीण कांग्रेस की बैठक 18 को

**धमतरी।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहण पुनरीक्षण की प्रभावी निगरानी एवं सफल क्रियान्वयन के लिए ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ग्रामीण कार्यकारिणी एवं बूथ लेवल एजेंट की बैठक 18 नवंबर मंगलवार को दोपहर 12 बजे राजीव भवन में रखी गई है। बैठक में जिलाध्यक्ष शरद लोहाना, एसआईआर लोकसभा प्रभारी तारिणी चंद्राकर, विधायक ओंकार साहू, ब्लॉक कांग्रेस ग्रामीण प्रभारी लेखराम साहू सहित संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। ब्लॉक अध्यक्ष घनश्याम साहू ने बताया कि इस दौरान पार्टी द्वारा नियुक्त बूथ लेवल एजेंट को को ट्रेनिंग दी जाएगी।

### गातापार, पचपेड़ी में 3-4 जनवरी को लोक महोत्सव

**अंवरी।** ग्राम गातापार और पचपेड़ी में 3 एवं 4 जनवरी को लोक महोत्सव का आयोजन किया गय है। इस दौरान जयराधा कृष्ण छत्तीसगढ़ी राउत नाचा पार्टी खजरी (घुमका), महतारी के आंसू छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी संसारगढ़ मानपुर मोहला, जय मां दुर्गा जस बईहा झांकी मंडली भोथी जालबांधा, जय मां जगदम्बा जस झांकी परिवार जटकन्हार डोंगरगढ़, जय बजरंग रामधुनी मंडली डोटोपार, दिया के अंजोर लोक कलामंच पूरन जस फाग मंडली पेंडरी, जय मां शीतला मिंटू पूरन जस झांकी परिवार उरला भिलाई, नवा किरण लोककला छत्तीसगढ़ा नाचा पार्टी भंडारपुर डोंगरगढ़ का कार्यक्रम होगा।

### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति आनलाइन 30 तक

**जीजामगांव।** दाऊ कल्याण सिंह सोनवानी महाविद्यालय जीजामगांव में सत्र 2025-26 में अध्ययनरत छात्रवृत्ति के पात्र अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के छात्रों के लिए पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति आनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 नवंबर निर्धारित है। छात्रवृत्ति के पात्र सभी छात्रों को निर्धारित समय-सीमा में आनलाइन आवेदन कर हार्डकापी व सभी प्रमाण-पत्र के स्वप्रमाणित दस्तावेज 3-3 प्रति में जमा करना है। यह जानकारी प्राचार्य डॉ. चोवाराम यदु ने दी।

1 करोड़ रूपये की राशि से नेचुरल पॉथवे, 25 मीटर ऊंचे वॉच टावर का होगा निर्माण

# ठेमली आईलैंड को विकसित करने पहले चरण का काम शुरू





■ मोटर बोट से आईलैंड जाकर साफ-सफाई में जुटे मजदूर

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

गंगरेल स्थित ठेमली आईलैंड को विकसित करने की प्रारंभिक प्रक्रिया शुरू हो गई है। वन विभाग मजदूरों को मोटर बोट के माध्यम से ठेमली आईलैंड लाने ले जाने लगा है। इधर सर्द मौसम के साथ गंगरेल पर्यटन में सैलानियों की आमद बढ़ गई है। रविवार को वाटर स्पोर्ट्स का मजा लेने पर्यटकों की कतार लगी रही।

अब वह दिन दूर नहीं है जब गंगरेल मध्य भारत में पर्यटन का प्रमुख केंद्र होगा। बांध के बीच स्थित ठेमली आईलैंड को विकसित होने के बाद अंतर्राज्यीय सहित विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करेगा।

वन विभाग के संयुक्त मंडलाधिकारी मनोज विश्वकर्मा बताते हैं कि आईलैंड को विकसित करने पहले चरण में 1 करोड़ रूपये की राशि स्वीकृत हुई है। वानिकी मद से मिली इस राशि से आईलैंड में नेचुरल पॉथवे, 25 मीटर ऊंचे वॉच टावर का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आईलैंड में घास के बड़े-बड़े जंगल हैं जिसकी सफाई शुरू हो गई है। मजदूरों को मोटर बोट के माध्यम से आईलैंड ले जाने तथा वापस लाने का काम किया जा रहा है। गंगरेल बांध में 7 आईलैंड हैं जिसमें ठेमली सबसे बड़ा है। यह 15 एकड़ एरिया में फैला है। अंगारमोती मंदिर के पास से आईलैंड की दूरी 4 किमी है जबकि फुटहामुड़ा से यह 1 किमी की दूरी पर है। पहले चरण में यहां मोटर बोट स्टॉप भी बनाया जाएगा।

### रिसोर्ट हाउसफुल, एडवांस बुकिंग जारी

बरदिहा लेकव्यू रिसोर्ट के मैनेजर सुमंत सिंह ने बताया कि रिसोर्ट के 12 वुडन कॉटेज तथा 25 स्वीस टेंट रविवार को हाउसफुल रहे। रिसोर्ट के लिए एडवांस बुकिंग हो रही है। अंतर्राज्यीय पर्यटकों की संख्या में वृद्धि हुई है। महाराष्ट्र, एमपी, ओडिशा तथा बंगाल के सैलानियों ने नाइट स्टे कर गंगरेल पर्यटन को यादगार बनाया। मिनी गोवा में रविवार को दिनभर जेस्की, स्पीड बोट, मोटर बोट, क्रूज बोट फर्राटे भरते रहे। वाटर स्पोर्ट्स के कर्मचारी मुकेश कुमार ने बताया कि प्रदेश के विभिन्न जिलों से पर्यटक बड़ी संख्या में मिनी गोवा पहुंच रहे हैं। रविवार को वाटर स्पोर्ट्स के लिए टिकट कटाने पर्यटकों की कतारें लगी रहीं। उन्होंने बताया कि बांध में शत-प्रतिशत जलभराव होने से यहां का प्राकृतिक सौंदर्य बहुत खूबसूरत हो गया है। यह पर्यटकों को खूब लुभा रहा है।

### मां अंगारमोती के दरबार में 31 लाख से बनेगा औषधि गार्डन



वन विभाग लोगों में आयुर्वेद के प्रति जागरूक करने मां अंगारमोती मंदिर के पीछे 31 लाख रूपये की लागत से हर्बल गार्डन बनाएगा। वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार मां अंगारमोती दरबार के पीछे माता की बगिया है वहीं पर 195 मीटर लंबा तथा 50 मीटर चौड़ा हर्बल गार्डन बनाने की तैयारी कर रही है। पथरीली जमीन पर मिट्टी डालकर यहां अनेक प्रकार के औषधि पौधे उगायेंगे। इस कार्य के लिए 31 लाख रूपये की स्वीकृति शासन से मिली है।

## रक्षित केंद्र में ट्रेड टेस्ट आज से

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

छग पुलिस भर्ती आरक्षक चालक एवं आरक्षक ट्रेडमेन के ट्रेड टेस्ट का आयोजन रक्षित केंद्र में आज से शुरु हो रहा है। यह टेस्ट 19 नवंबर तक चलेगा।

छग पुलिस मुख्यालय नवा रायपुर द्वारा जिला पुलिस बल के आरक्षक संवर्ग में रिक्त पदों की सीधी भर्ती के लिए 4 अक्टूबर को विज्ञापन जारी कर भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ की गई थी। भर्ती प्रक्रिया अंतर्गत आरक्षक चालक एवं आरक्षक ट्रेडमेन इलेक्ट्रिशियन, टेलर, डीआर, कुक, स्वीपर, धोबी, नाई एवं मोची पद के लिए पात्र अभ्यथियों का ट्रेड टेस्ट 17 से 19 नवंबर तक रक्षित केंद्र में होगा। इस भर्ती प्रक्रिया के तहत आरक्षक चालक और आरक्षक ट्रेडमेन के पदों के लिए उम्मीदवार अपनी योग्यता का प्रदर्शन करेंगे। पुलिस मुख्यालय के अनुसार चयन प्रक्रिया पूरी तरह से पारदर्शी और व्यवस्थित तरीके से संपन्न की जाएगी।

## गुजराती कॉलोनी में मैनेजर के घर से हजारों के गहने व नकदी की चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी





मैनेजर के सूने मकान का ताला तोड़ अज्ञात चोर ने आलमारी में रखी सोने चांदी की ज्वेलरी सहित नकदी की चोरी कर ली है। पुलिस के अनुसार मोरध्वज चंद्राकर पिता रामगोपाल उम्र 32 वर्ष ग्राम उड़ेना थाना अर्जुनी निवासी स्थानीय गुजराती कॉलोनी में सुनील साहू के मकान में परिवार सहित किराये पर रहता है। वर्तमान में मोरध्वज बालाजी बल्ड बैंक में मैनेजर का काम करता है। बीते 14 नवंबर की दोपहर मोरध्वज घर में ताला लगाकर परिवार के साथ किसी काम से रायपुर चला गया। दूसरे दिन 15 नवंबर की शाम मोरध्वज वापस आया तो देखा कि दरवाजा का ताला टूटा हुआ था। चोरी होने की शंका होने पर भीतर जाकर देखा तो कमरे में रखी आलमारी का दराज खुला हुआ था। चेक करने पर दराज में रखे एक जोड़ी सोने का कंगन, दो जोड़ी सोने के ईयररिंग, दो नग सोने की अंगूठी, कुल 73 हजार रूपए एवं दूसरे दराज में रखे नकदी 17 हजार की चोरी कर अज्ञात चोर फरार हो गया। पीड़ित की शिकायत पर सिटी कोतवाली में अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 305/ए, 331/4 के तहत अपराध दर्जकर विवेचना में लिया है।

## वन मंत्री एवं प्रभारी मंत्री ने लिया तैयारियों का जायजा

■ डॉ. शोभाराम देवांगन स्कूल में 19 को केंद्रीय कृषि मंत्री का कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के 19 नवम्बर को प्रस्तावित धमतरी कार्यक्रम की तैयारी का जायजा लेने राज्य के वनमंत्री केदार कश्यप एवं राजस्व तथा जिला प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा धमतरी पहुंचे। दोनों मंत्रियों ने स्थानीय डॉ. शोभाराम देवांगन हायर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित होने वाले मुख्य कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यक्रम की रूपरेखा, मंच निर्माण, स्टॉलों की व्यवस्था, पार्किंग स्थलों, आगमन मार्ग तथा आमंत्रित अतिथियों हेतु बैठने की व्यवस्था की तैयारियों को बारीकी से परखा। इसके बाद मंत्रीद्वय ने हेलीपेड आदि की जानकारी ली। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने अब तक की प्रगति एवं समस्त व्यवस्थाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। दोनों मंत्रियों ने कार्यक्रम को सुचारु, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराने आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने मंच, प्रवेश मार्ग, सुरक्षा प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण, पार्किंग संचालित व्यवस्था तथा स्टॉलों की सुव्यवस्थित स्थापना पर विशेष ध्यान देने के सुझाव दिए।

इस अवसर पर महापौर रामू रोहरा, पूर्व विधायक श्रीमती रंजना साहू, पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार सहित जनप्रतिनिधि, जिला और पुलिस प्रशासन के अधिकारी मौजूद थे।

## बिरनपारा में तेंदुआ ने किया बछिया का शिकार



हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

दुगली परिक्षेत्र के पुरानी बस्ती बिरनपारा दुगली में शनिवार रात लगभग 12:30 बजे तेंदुआ ने खेत में बंधी एक बछिया पर हमला कर उसे अपना शिकार बना लिया। यह बछिया बिरनपारा दुगली निवासी पशुपालक हीरालाल मरकाम पिता धनशाय मरकाम की थी। घटना की सूचना पर वन विभाग की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और पंचनामा तैयार कर बछिया का पोस्टमार्टम किया। मौके पर उपसरपंच चंद्रभान नेताम, शंभूराम मरकाम सहित ग्रामीण मौजूद रहे। ग्रामीणों ने रात्रि में लगातार तेंदुए की सक्रियता पर चिंता जताई और वन विभाग से रात में गश्त बढ़ाने तथा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में वन्यजीवों की बढ़ती आवाजाही को देखते हुए तत्काल प्रभाव से सुरक्षा के उपाय किए जाने आवश्यक है।

पुलिस ने बाल सुरक्षा सप्ताह पर जिले के हजारों बच्चों को किया जागरूक

## गुड टच, बैड टच, पाक्सो एक्ट की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी





पुलिस ने बाल सुरक्षा सप्ताह के तहत बड़ी पहल करते हुए जिले के हजारों बच्चों को सुरक्षित बचपन की ओर महत्वपूर्ण कदम रखने जागरुक किया।

बाल सुरक्षा सप्ताह के अवसर पर एसपी के निर्देश में पुलिस द्वारा जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र के स्कूलों में विशेष जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को गुडटच, बैड टच, पाक्सो एक्ट, जेजे एक्ट, नशे के दुष्परिणाम तथा साइबर अपराधों से बचाव के बारे में शिक्षित कर उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करनी है। इसी क्रम में रूद्री थाना द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर जागरुक किया गया। सिहावा थाना द्वारा शाउमावि देवपुर में बच्चों को बाल सुरक्षा, आत्मसुरक्षा, साइबर जागरुकता एवं कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गई।

अकलाडोंगरी थाना द्वारा ग्राम तिर्री के प्राथमिक व माध्यमिक शाला में बच्चों को विभिन्न जानकारियां दी गई। इस दौरान प्रधानपाठक, शिक्षक व ग्रामीण बड़ी संख्या में मौजूद रहे। बिरेझर चौकी द्वारा ग्राम मड़ेली प्राथमिक शाला एवं सरस्वती शिशु मंदिर में जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसी तरह भखारा थाना द्वारा स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल भखारा में जागरुकता कार्यक्रम आयोजित कर छात्र-छात्राओं को महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गई।

## गोला और तवा फेंक में उदय का स्वर्णिम थ्रो



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

नवीन महाविद्यालय कंडेल के प्रतिभावान खिलाड़ी उदय गड़ेवाल ने गोला तथा तवा फेंक प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीता है। ज्ञात हो कि दिसंबर 2024 में उदय ने राज्य स्तरीय यूनिवर्सिटी प्रतियोगिता में गोल्ड और सिल्वर मेडल जीतकर शानदार प्रदर्शन किया था। कंडेल महाविद्यालय के क्रीड़ा प्रभारी कमलेश दीवान ने बताया कि 14-15 नवंबर को उच्च शिक्षा विभाग ने सेक्टर स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन किया था। राजधानी में आयोजित इस प्रतियोगिता में गोला तथा तवाफेंक में स्वर्ण पदक प्राप्त किया है। यह उपलब्धि महाविद्यालय सहित पूरे क्षेत्र के लिए सम्मान है। उन्होंने बताया कि उदय पिछले तीन साल से उच्च शिक्षा विभाग के अलावा ओपन स्तर पर भी मेडल जीतते आ रहे हैं। कोच हिमांशु चंद्राकर से उन्हें प्रशिक्षण और मार्गदर्शन मिल रहा है। प्राचार्य रविशदास ने इस सफलता को उदय की लगन और कड़ी मेहनत का परिणाम बताया। इस उपलब्धि पर प्राध्यापक पीतांबर सिन्हा, लक्ष्मीनारायण, लक्ष्मण सेन, संजय पवार, नूतन कुमार दीवान, मनुनारायण सारथी, डा.रिचा शुक्ला, डा.खान, डा.संगीता गोयल, टिकेश वर्मा, टकेश्वर साहू, दीक्षा सोम, डोमनलाल यदु, राधिका साहू, शशिप्रभा यदु ने हर्ष जताया है।

दपूमरे मंडल के सात सदस्यीय अधिकारियों की टीम ने लिया जायजा

## धमतरी से रायपुर बड़ी रेललाइन जल्द शुरू होगी

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

धमतरी में बड़ी रेललाइन को जल्द से जल्द शुरू करने की तेजी से तैयारी चल रही है। इसी क्रम में शनिवार को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर रेल मंडल से सात सदस्यीय अधिकारियों की टीम ने धमतरी में निर्माणाधीन रेलवे स्टेशन का गहन अवलोकन किया। टीम ने स्टेशन पर चल रहे सिग्नल, टेलीकॉम और अन्य निर्माणाधीन कार्यों की विस्तृत रिपोर्ट ली, ताकि परियोजना को समय पर पूरा किया जा सके।

### 15 किमी पटरी बिछाना शेष, जनवरी तक का लक्ष्य

रायपुर से धमतरी तक 67.20 किमी की बड़ी रेल लाइन बिछाने का कार्य किया जा रहा है। वर्तमान में इस परियोजना में पटरी बिछाने का काम सिर्फ 15 किमी शेष बचा है। रेलवे विभाग ने जनवरी महीने के अंत तक बड़ी रेललाइन के कार्य को पूर्ण करने का लक्ष्य रखा है। इस बड़ी रेललाइन के प्रारंभ होने से क्षेत्र के लोगों को बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी।



### स्टेशन के आसपास काबिज लोगों का विस्थापन बड़ी चुनौती

बड़ी रेललाइन परियोजना को समय पर पूरा करने में एक बड़ी बाधा धमतरी स्टेशन के आसपास रेलवे की भूमि पर काबिज लोगों का व्यवस्थापन है। अभी भी लगभग 170 लोग रेलवे की भूमि पर काबिज हैं। इनमें स्टेशनपारा में 70 परिवार और देवार डेरा के आसपास 100 लोग (60 देवार परिवार और 40 अन्य) शामिल हैं। भवन निर्माण कार्य 80 प्रतिशत तक पूर्ण होने के बावजूद यह कब्जा एक प्रमुख चुनौती बना हुआ है।

### कब्जाधारियों को तीन दिन में हटाने का निर्देश

रेलवे विभाग के अधिकारियों ने शुक्रवार को स्टेशनपारा पहुंचकर कब्जाधारियों को मौखिक रूप से निर्देश दिया था कि वे तीन दिन के भीतर कब्जा हटा लें। अधिकारियों ने इस अनाधिकृत कब्जे को परियोजना में देरी का कारण बताया है। वहीं विस्थापन की व्यवस्था करना प्रशासन के लिए एक बड़ा कार्य है।


हरिभूमि
पाठक सूचना
धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

## खबर संक्षेप



### लोकसभा स्तरीय मैराथन दौड़ में लोमश अव्वल

■ तीन जिलों के 700 धावकों ने लिया था हिस्सा

**कुरुद।** सांसद खेल महोत्सव अंतर्गत जिला प्रशासन और खेल एवं युवा कल्याण विभाग के आयोजन में महासमुंद लोकसभा स्तरीय मैराथन दौड़ 13 नवंबर को सिरपुर में आयोजित हुई जिनमें कुरुद के लोमश पिता अग्नूराम ने प्रथम व चेतन पिता मिथिलेश कुमार ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर कुरूद विधानसभा का मान बढ़ाया है। ये दोनों खिलाड़ी कुरुद एथलेटिक्स कोचिंग क्लब से जुड़े हैं। इस खेल महोत्सव में धमतरी, गरियाबंद और महासमुंद जिले 700 धावक शामिल हुए। लोमश व चेतन ने बड़े शहरों के अनुभवी खिलाड़ियों से मुकाबला कर उन्हें परास्त किया। यह उपलब्धि उनके लिए ही नहीं बल्कि पूरे क्षेत्र व जिले के लिए गर्व का क्षण है। लोमश व चेतन की मेहनत और लगन अब कुरूद व आसपास के युवाओं को खेलों में आगे बढ़ने की प्रेरणा देगी।

### गिरौद स्कूल में एफएलएन, आनंद मेला का आयोजन



**मगरलोड।** गिरौद स्कूल में बाल दिवस पर कक्षा 1 से 3 के लिए एफएलएन मेला का आयोजन किया गया। बच्चों ने विभिन्न स्टॉल लगाए। संकुल समन्वयक द्वारा निरीक्षण कर बच्चों को उपहार में पेंसिल दी गई। बच्चों द्वारा स्वनिर्मित व्यंजन भजिया, पोहा, गुपचुप, मिर्ची भजिया, समोसा, ढोकला, रसगुल्ला, सलाद, अंकुरित चना आदि का स्टॉल लगाकर विक्रय किया गया। मॉडल प्रदर्शनी कर विज्ञान के बारे में जानकारी दी गई। मेला को मजेदार बनाते हुए शून्य निवेश व्यवसाय अंतर्गत रिंग फंसाओ इनाम पाओ खेल रखा गया। एसएमसी अध्यक्ष लक्ष्मी साहू ने इस कार्य की सराहना की। मौके पर संस्था प्रमुख श्यामलाल साहू, प्रधानपाठक चंद्रशेखर सेन, सीएसी कुलेश्वर साहू, शिक्षक हरेंद्र साहू, गीता साहू, माखन साहू, कामताराम साहू, कमलनारायण निषाद समेत अन्य

### निधन : रामबती सिन्हा



**धमतरी।** ग्राम कुकरेल निवासी रामबती सिन्हा (92 वर्ष) का 15 नवंबर को निधन हो गया। वे परदेशीराम सिन्हा, भुवन लाल सिन्हा की मां थी। उनकी अंतिम यात्रा में स्वजन व गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

बाईपास सिरसा चौराहे पर लगेगी लौह पुरुष सरदार पटेल की प्रतिमा

# पीआईसी की बैठक में नपा को सुंदर बनाने का निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

नगर पालिका कुरूद के अध्यक्ष कक्ष में पीआईसी की बैठक हुई जिसमें बाईपास सिरसा चौराहे पर लौहपुरुष सरदार पटेल की प्रतिमा लगवाने सहित अध्यक्ष ज्योति भानु चन्द्राकर की अध्यक्षता में 13 बिंदुओं वाले एजेण्डे एवं अन्य विकास कार्यों से नगर को सुंदर एवं व्यवस्थित बनाने का निर्णय लिया गया। शुक्रवार को हुई पीआईसी बैठक में अध्यक्ष की विशेष पहल पर डेंजर जोन कहे जाने वाले बाईपास सिरसा चौराहे को व्यवस्थित किया जाएगा। यहां भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा लगाकर नगर घड़ी चौक के तौर पर विकसित कर इस जगह पर आये दिन होने वाले सड़क हादसे पर रोक लगाने का इरादा जाहिर किया है। इसी प्रकार सांधा चौक से



लेकर कारगिल चौक और बाईपास मेघा रोड तक पेड़ों के चबूतरों एवं रोड डिवाइडरों के मरम्मत-पेंटिंग कार्य और शासकीय दीवारों में पेंटिंग कराने, मेन रोड के सभी प्रसाधनों को सर्वसुविधा युक्त बनाने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा अध्यक्ष निधि से अब्दुल कलाम गार्डन को आकर्षक और सुंदर बनाने, नगर के सभी चौक-चौराहों में ट्रैफिक रोड डिवाइडर ख़रीदने, पार्षदों की अनुशंसा पर उनकी निधि से छोटे- छोटे विकास एवं मरम्मत कार्यों को पूरा करने के लिए स्वीकृति प्रदान की गई है। बैठक में अध्यक्ष ज्योति चन्द्राकर, उपाध्यक्ष देवव्रत साहू, विधायक प्रतिनिधि भानु चन्द्राकर, सभापति मिथिलेश बैस, महेन्द्र गायकवाड़, सितेश सिन्हा, सलाहकार समिति की कविता चन्द्राकर, रवि मानिकपुरी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी महेन्द्र गुप्ता, इंजीनियर श्री साहू सहित स्टाफ के लोग मौजूद थे।

# भखारा में पूजा-अर्चना के साथ शुरू हुई धान खरीदी



■ किसानों को मिलेगा धान का उचित मूल्य और समय पर होगा भुगतान : ज्योति

हरिभूमि न्यूज ▶▶अंवरी

भखारा कृषि उपज उपमंडी स्थित धान खरीदी केंद्र में विधिवत पूजा-अर्चना कर धान खरीदी कार्य की शुरुआत नपं भखारा अध्यक्ष ज्योति जैन सहित संबंधित अधिकारी, कर्मचारियों और जनप्रतिनिधियों ने की। पूजन के बाद किसानों से धान तौलने का कार्य प्रारंभ किया गया। इस वर्ष किसानों से 21 क्विंटल प्रति एकड़ की दर से धान खरीदी की जाएगी। सरकार द्वारा समर्थन मूल्य 3100 प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है, जिससे किसानों को सीधा लाभ मिलेगा और उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। अध्यक्ष श्रीमती जैन ने कहा कि सरकार की यह योजना किसानों के हित में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे किसानों को उचित मूल्य और समय पर भुगतान सुनिश्चित होगा।

इस अवसर पर गोविन्दसिंह राजपूत प्राधिकृत अधिकारी भखारा सोसाइटी, रामस्वरूप साहू, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष, कांशी साहू, बिझवार साहू, गिरीराज सोन, रामगोपाल देवांगन पूर्व जनपद अध्यक्ष, धनसिंह साहू, सुखीराम पाल, डा. हरदेल साहू, शांतिस्वरूप साहू, युवराज सोन, मनहरण पाल, प्यरेलाल पाल, संजय साहू, लक्ष्मीनारायण साहू, खीलाराम साहू, हुबलाल साहू, अभिमन्यु साहू, विकास साहू आदि बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।

# भगवान बिरसा मुंडा ने जमीन की लड़ाई लड़ी थी : देवनाथ

■ आदिवासी भवन में आयोजित हुआ जनजागरण कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर आदिवासी भवन कुरूद के प्रांगण में जनजागरण अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में सर्व आदिवासी समाज के कुरूद तहसील अध्यक्ष देवनाथ नेताम, भूपेंद्र नेताम गोंड समाज कुरूद तहसील के पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि



हमारा मूल निवासी समाज आज टुकड़ों में बंटकर आंदोलन को अंजाम देता है। यदि पूरा समाज एकजुट होकर लड़ाइयां लड़े तो सरकार को कुर्सी छोड़नी पड़ सकती है। उन्होंने कहा कि भारत में आकर राज करने वाले हुक्मरानों ने यहां के मूल निवासियों को उनकी ही जमीन से बेदखल कर दिया था इसलिए झारखंड के युवा 19वीं शताब्दी के अंत में जमीन की लड़ाई लड़ी थी। जिसे पूरा भारत भगवान बिरसा मुंडा के नाम से जानता है। वे अपने क्षेत्र में आजादी की लड़ाई लड़ते हुए अंग्रेजों के गिरफ्त में आ गए और मात्र 25 वर्ष की उम्र में देश के लिए अपनी जान गंवा दी। आज महान क्रांतिकारी की जयंती पर हमें अपने हक के लिए लड़ने की प्रेरणा लेनी चाहिए।

सर्व आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष जीवराखन लाल मरई के नेतृत्व में अपनी 16 सूत्रीय मांगों को लेकर कुरूद एसडीएम को महामहिम राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

इस अवसर पर बीएस रावटे, ललित ठाकुर, तेजराम छेदैया, बसंत नगारची, श्यामसुंदर ध्रुव, फलेंद्र नेताम, रामायण ध्रुव, संतोष सोरी, बसंत ध्रुव, क्षागेश्वर ध्रुव, कलीराम मरकाम, अशोक दीवान, जागेश्वर कंवर, सावन मांडवी, साधुराम कंवर सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## एथलेटिक्स प्रतियोगिता में सात खिलाड़ियों का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

शासकीय डीबी कन्या महाविद्यालय रायपुर द्वारा आयोजित अंतर महाविद्यालयीन एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन कोटा स्टेडियम में किया गया जिसमें कुरूद महाविद्यालय की महिला एवं पुरूष टीम ने भाग लिया था। इस प्रतियोगिता में कुरूद महाविद्यालय के सात खिलाड़ियों का चयन एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए हुआ है। पुरूष वर्ग में चेतन 800 मीटर दौड़ में प्रथम, भेषकुमार 1500 मीटर दौड़ में तृतीय एवं 500 मीटर में द्वितीय स्थान, आशुतोष लम्बीकूद में तृतीय, करण भगत ऊंचीकूद में तृतीय, प्रांजल सिन्हा ऊंचीकूद में द्वितीय, महिला वर्ग



में तारिणी 800 मीटर दौड़ तृतीय, चन्द्रकला लम्बीकूद में प्रथम ऊंचीकूद में तृतीय एवं 400 मीटर दौड़ में तृतीय स्थान प्राप्त किया।

खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर प्राचार्य डॉ. एके मिश्रा, प्राध्यापक डॉ. आरके पाण्डेय, क्रीड़ा अधिकारी अमित टण्डन, अतिथि क्रीड़ा अधिकारी जानकी साहू, क्रीड़ा समिति के सदस्य हरिराम साहू, चित्रमणी श्रीमाली, रेणु पाटले, लीना दिली, प्राध्यापक एमएस साहू, डॉ. सरस्वती घृतलहरे, डॉ. ओमजी गुप्ता, डॉ. हितनारायण टण्डन, डॉ. फिरोज सोनवानी, राकेश सोनकर, शीबा वंजारी, डॉ. तरूण पटेल, कृपाराम साहू समेत कालेज स्टाफ ने हर्ष जताया है।

## सिवनीकला में पहले दिन नहीं हुई धान खरीदी

**सिर्री।** प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति सिवनीकला में धान खरीदी का शुभारंभ हुआ। छग महतारी और भारतमाता के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर पूजा-अर्चना की गई, लेकिन प्रथम दिवस पर धान की खरीदी नहीं हो पाई। इस अवसर पर नोडल अधिकारी भविन देवांगन, सोसाइटी अध्यक्ष चंद्रप्रकाश साहू, पटवारी नीलम साहू, जनपद सदस्य टेकराम साहू, सरपंच लता



ध्रुव, उपसरपंच दीपदान साहू, टिकेश्वर चंद्राकर, जीतेश्वर ध्रुव सरपंच प्रतिनिधि, सुशील साहू, राधे साहू पूर्व अध्यक्ष, पूर्व अध्यक्ष श्रीराम चंद्राकर, शिवकुमार साहू, सुरीत साहू उपाध्यक्ष, भूपेंद्र साहू, प्रेमलाल तारक, लोकेश तारक, चंद्रहास तारक उपस्थित थे।

# छात्रों ने स्टॉल लगाकर बेचा चाइनीज पकौड़ा, गुलगुला भजिया

■ राजपुर स्कूल में बाल मेला व एफएलएन का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड

ग्राम राजपुर में शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला में बाल दिवस मनाया गया। प्राथमिक स्तर पर एफएलएन व मिडिल स्तर पर बाल मेला एवं मड़ई मेला का आयोजन हुआ।

कार्यक्रम की शुरुआत बीचपारा में स्थापित हनुमान मंदिर से पूजा अर्चना से की गई। छात्रों ने बैंड



बाजा से आंगा देवता, मड़ाई की झांकी निकाली गई। स्कूल प्रांगण में विभिन्न स्टॉल लगाए थे। छात्राओं ने भजिया, चाइनीज पकौड़ा, गुपचुप, छत्तीसगढ़ी व्यंजन गुलगुला भजिया का स्टॉल लगाया था। बाल मेला में पालकों ने बच्चों द्वारा बनाए गए व्यंजन की खरीदी की। प्राथमिक एवं मिडिल स्कूल बच्चों ने बाल शोध मेला में विभिन्न विषयों की अवधारणाओं एवं तथ्यों पर रोचक मॉडल एवं प्रदर्शनी तैयार कर विषय वस्तु की समझ एवं बारीकियों को समझने का प्रयास किया। बाल मेला में सहायक उपनिरीक्षक महेन्द्र साहू, प्रधान आरक्षक जैतराम जोगी, आरक्षक अजय गिरी, धर्मेंद्र साहू ने यातायात के नियमों से अवगत कराया। उन्होंने बच्चों द्वारा लगाए गए स्टॉल का अवलोकन किया।

इस अवसर पर ग्रामीण अध्यक्ष देवनारायण साहू, सचिव गुहलेद कंवर, कोषाध्यक्ष मनराखन निषाद, गीताराम सिन्हा, सरपंच प्रतिनिधि जागेश्वर सिन्हा, डॉ पुरूषोतम सिन्हा, शाला विकास समिति अध्यक्ष रमेश्वर साहू, मंजु गोस्वामी, नकुल ध्रुव, बिरझू कंवर, केशकुमार यदु, दुकाल ध्रुव, अमृत सिन्हा, रामसिंग निषाद, प्रधानपाठक बीएल अग्निवंशी, शिक्षक विष्णुराम साहू, प्रधानपाठक मोहन साहू नवाडीह, शिक्षक प्रमोद डड़सेना, सियाराम साहू, कैलाश ध्रुव, रुद्रनारायण साहू, शिक्षिका माहेश्वरी सिन्हा, हेमपुष्पा साहू, इंदु ध्रुव उपस्थित थे।

## अंचल की खबरें

### बिरसा मुंडा ने आदिवासी समाज के अधिकारों के लिए संघर्ष किया



**अंवरी।** तहसील आदिवासी समाज भखारा द्वारा धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा जयंती श्रद्धा के साथ मनाई गई। अतिथि नपं अध्यक्ष ज्योति जैन, समाज प्रमुख रामकृष्ण नेताम, उपाध्यक्ष विष्णु साहू समेत अन्य जनप्रतिनिधियों ने उनकी जीवन यात्रा, संघर्ष और योगदान पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि बिरसा मुंडा ने आदिवासी समाज के अधिकारों, स्वाभिमान और संस्कृति की रक्षा के लिए अमूल्य त्याग किया, जो आज भी सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। मौके पर हरख जैन विधायक प्रतिनिधि, विष्णु साहू उपाध्यक्ष, हितेन्द्र साहू पार्षद, अविनाश गौर पार्षद, चक्रसुदर्शन चंदेल, रामगोपाल देवांगन, ठाकुरराम सोरी, रामप्रसाद, मोतीलाल, ईश्वर कंवर, धर्मेन्द्र ध्रुव, सुखीराम ठाकुर, गणेश साहू, सुजान सिंह, सेवकराम ध्रुव, सुमन ध्रुव, मेनका नेताम, गुंजा नेताम, दिलीप, दुष्यंत उपस्थित थे।

### बच्चों ने स्टॉल लगाकर अपनी रचनात्मक प्रतिभा दिखाई



**अंवरी।** सेजेस आत्मानंद स्कूल भखारा में बालमेला कार्यक्रम उत्साह और उमंग के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बच्चों ने विभिन्न आकर्षक स्टाल लगाकर अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। खाने-पीने के व्यंजन, खेलकूद, कला एवं हस्तनिर्मित सामग्री के स्टालों ने मेले को खास रंग प्रदान किया। शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बच्चों का मार्गदर्शन किया। नपं भखारा अध्यक्ष ज्योति जैन भी मेले में पहुंचीं। बच्चों से मिलकर उनका हौसला बढ़ाया और स्टालों का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में आत्मविश्वास, सीखने की भावना और सामाजिक जुड़ाव बढ़ाते हैं। बाल मेला में बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे और बच्चों की प्रतिभा एवं मेहनत की सराहना की।

### कोसमर्रा स्कूल में 22 विज्ञान मॉडलों की प्रदर्शनी



■ बाल मेला में 14 स्टाल लगाकर विभिन्न व्यंजनों की बिक्री की

**कोर्रा(भखारा)।** शाउमावि कोसमर्रा में बाल दिवस पर प्राचार्य बालकृष्ण साहू के मार्गदर्शन एवं विज्ञान शिक्षक चैतराम साहू, संतोषराव जगताप, सीमा सोनी के निर्देशन में विभिन्न 22 विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन विद्यार्थियों द्वारा किया गया। बाल मेला में छात्रों ने 14 स्टॉल लगाकर विभिन्न प्रकार के व्यंजनों की बिक्री की। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पूर्व जनपद अध्यक्ष एवं सभापति सिंधु बैस, विशिष्ट अतिथि शाला प्रबंधन विकास समिति के अध्यक्ष खेमेश्वरराव वाकडे, माता समिति अध्यक्ष हेमिन साहू, पूर्व सरपंच ओमप्रकाश साहू थे। अतिथियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर कहा कि मॉडल से विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण बढ़ता है। बाल मेला के आयोजन से छात्रों को व्यवसाय में लाभ-हानि की जानकारी मिलती है। इस अवसर पर शिक्षक पुष्पेंद्र गुरु, वासुदेव सोनबेर, रविंद्र बंधे, मानसिंह जांगड़े, नरेश, अनिल साहू, हरिश्चंद्र सिंह नेताम, उत्तरा गंजीर, किरण मनहर, प्रमोद बैस व माध्यमिक व प्राथमिक शाला के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्रगण उपस्थित थे।

### धान बीज दुर्गा 120 बना किसानों की पहली पसंद



**नगरी।** ग्राम सेमरा (नगरी) के साहू सदन में किसान सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें आसपास के लगभग 65 किसानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कंपनी के एरिया सेल्स मैनेजर चंद्रहास देवांगन ने किसानों को कंपनी के उत्कृष्ट उत्पाद दुर्गा 120 धान बीज की विशेषताओं, उत्पादन क्षमता एवं इसकी बढ़ती लोकप्रियता के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दुर्गा 120 अपनी उच्च उत्पादकता, रोग प्रतिरोधक क्षमता और बेहतर गुणवत्ता के कारण आज किसानों की पहली पसंद बन चुका है। कार्यक्रम में उत्कृष्ट उत्पादन प्राप्त करने वाले किसानों बलिराम साहू, तिलकराम साहू एवं नंदा देवांगन का सम्मान शाल एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के प्रतिष्ठित कृषक एवं व्यवसायी गिरधारीलाल देवांगन, रूपसिंग साहू, मोरध्वज साहू, कुलदीप देवांगन, योगेश साहू, राहुल देवांगन एवं ईश्वर देवांगन उपस्थित थे। चंद्रहास देवांगन ने आभार व्यक्त किया।

एफएलएन मेला में 48 स्टॉल लगाकर बच्चों का किया गया आकलन

# खेल-खेल में शिक्षा ही सीखने का सबसे बेहरतीन तरीका होता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

नगरी संकुल के एफएलएन मेला में भाषा, गणित, अंग्रेजी और बालवाड़ी के 48 स्टाल लगाए गए थे। अवधारणा स्टाल का संचालन विद्यालय के बच्चों ने किया। प्राथमिक शिक्षकों को लगभग 48 तरह के स्टाल के बारे में आनलाइन प्रशिक्षण देकर एफएलएन मेला की तैयारियां करवाई गई थी। मेले में विद्यार्थियों के आकलन के बाद कमजोर बच्चों का चिन्हांकन कर उपचारात्मक शिक्षण देकर उनका अधिगम स्तर बढ़ाने के लिए प्रयास किए जाएंगे। नपं नगरी के प्राथमिक शाला दुर्गा चौक, बांधापारा, चुरियारापारा, जंगलपारा, कोटपारा, राइसमिल पारा के सम्मिलित नेतृत्व





में यह मेला का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि नपं अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, उपाध्यक्ष विकास बोहरा एवं पार्षद स्टॉल विजिट कर बच्चों की अवधारणा से रूबरू हुए। एफएलएन जिला प्रशिक्षण प्रभारी कैलाश सोन ने बताया कि करके देखबो, सीख के रहिबो थीम पर आधारित यह मेला बच्चों के आकलन का बहुत ही सरल और रोचक तरीका है। खेल गतिविधियों के माध्यम से हिंदी, अंग्रेजी, गणित जैसे विषय में बहुत ही सरल तरीके से बिना शिक्षक के विद्यार्थियों द्वारा ही आंकलन किया जाता है। डाइट नगरी प्राचार्य प्रकाशराय एवं एफएलएन प्रभारी संगीता रणघाटी ने बताया कि पूरे जिले के 873 प्राथमिक विद्यालयों में एफएलएन मेला का आयोजन किया गया। चारों विकासखंड में अधिकारियों द्वारा मेले की मॉनिटरिंग की गई।

कार्यक्रम में लोचन साहू, उमेश सोम, हुलास सूर्याकर, दीपनारायण दुबे, चमन साहू, जस साहू, मेनका सोम, विद्यावती सोम, अफसाना बेगम, किरणलता शांडिल्य, हेमलता निर्मलकर, जेके सोनी, यशवंतीन अग्रवाणी, पूर्णिमा साहू, नीतू गुप्ता, ऋतु बघेल, वंदना सोनी, अरुणा चौहान, रेवती साहू, देवंतीन ध्रुव का सहयोग रहा।

# मेघा पुल पर वैकल्पिक मार्ग बनाने की हुई मांग

■ भारतीय किसान संघ ने संगठन के विस्तार एवं समस्याओं पर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

भारतीय किसान संघ धमतरी जिला की कार्यकारिणी बैठक नई कृषि उपज मंडी प्रांगण कुरूद में आयोजित की गई। भारतीय किसान संघ प्रांत के नवनियुक्त संगठन मंत्री मनीष शर्मा, अखिल भारतीय किसान संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ विशाल चंद्राकर की उपस्थिति में संगठन के विस्तार पर चर्चा की गई।

बैठक में गोपालन गाय की सुरक्षा जैविक खेती को प्राथमिकता के बारे में विस्तार से बताया गया। पदाधिकारियों ने कहा कि संगठन का प्रत्येक किसान मेरा एवं पारिवारिक भावना से कार्य करें तो संगठन की मजबूती एवं समस्याओं



का समाधान होगा। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि यह किसानों के हित के लिए बना एक गैर राजनीतिक संगठन है। जिलाध्यक्ष लालाराम चंद्राकर ने एग्रीस्टेक पोर्टल में जिन किसानों क पंजीयन नहीं हुआ है, उसकी खरीदी मैन्युअल पद्धति से की जाने की मांग शासन से की है। कुरूद ब्लाक के मेघा पुल पर वैकल्पिक मार्ग बनाने के लिए शासन से निवेदन किया ताकि आम नागरिक एवं किसानों को आने-जाने में सुविधा हो। बैठक में प्रदेश संगठन के गजानन दिगस्कर, दुर्गाशंकर पाल, जिलामंत्री दुलार सिंह, जिला संयोजक ललित सिन्हा, हमेंद्र साहू, ठाकुरराम साहू, रमन साहू, टोमन साहू, व्यासनारायण साहू, मंशा साहू, बसंत साहू, वेदराम साहू, श्रीमती सिंधु बैस, शत्रुघ्न साहू, टीकाराम साहू, गोपाल चंद्राकर सहित अनेक किसान उपस्थित थे।

**इतवारी बाजार अपडेट : गरीब व मध्यमवर्गीय परिवारों का बजट बिगड़ा**

# बंपर आवक के बाद भी दाम नहीं टूटे

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

ठंड के आगमन के साथ जिले में सब्जियों का उत्पादन सामान्यतः बढ़ जाता है। खेतों के साथ-साथ विभिन्न फार्म हाउस में भी सब्जियों की भरपूर पैदावार हो रही है, फिर भी बाजार में दामों में कोई विशेष गिरावट नहीं देखी जा रही है। सब्जियों की बंपर आवक के बावजूद बढ़ी हुई मांग के कारण अधिकांश हरी सब्जियां अधिक दाम पर बिक रही हैं, जिससे गरीब व मध्यमवर्गीय परिवारों की रसोई का बजट बिगड़ गया है।

सब्जी विक्रेता धांसू सोनकर, नारायण सोनकर और गणेश सोनकर ने बताया कि ठंड के मौसम में लोग सामान्य दिनों की तुलना में हरी सब्जियों का अधिक सेवन करते हैं। मौसम परिवर्तन के साथ घरों में हरी सब्जियों की खपत काफी बढ़ जाती है, जिसके कारण बंपर उत्पादन के बावजूद दाम स्थिर या अधिक बने रहते हैं। ठंड में हरी सब्जियां विटामिन से भरपूर रहती हैं, इसलिए लोग सूखी सब्जियों की तुलना में ताजी सब्जियां ज्यादा पसंद कर रहे हैं।



सब्जी मंडी में रविवार को आवक काफी अधिक रही, लेकिन इसके बावजूद रेट में कोई गिरावट नहीं आई। बाजार में धनिया और मुनगा 200 से 250 रुपये किलो, देसी ग्वारफली 100 रुपये किलो, जबकि सेमी, कटहल, शिमला मिर्च, गोभी, भिंडी, बरबटी और करेला 80 रुपये किलो बिका। कुंदरू, गाजर और परवल 60 रुपये किलो, कोचई, तोरई और डोड़का 50 रुपये किलो, वहीं भटा, कुम्हड़ा, टमाटर व मूली 40 रुपये किलो रहा। केला और पत्तागोभी 30 रुपये किलो तथा लौकी 20 रुपये किलो में बिकी।

इसी तरह किराना बाजार में भी मूल्यों में विशेष राहत नहीं मिली। आलू प्याज 25 रुपये किलो, शक्कर 45 रुपये, गुड़ 55, हल्दी 200, मिर्च 180, धनिया 120, जीरा 250, काली मिर्च 685, लहसुन 90 और रिफाइंड तेल 125 रुपये प्रति लीटर रहा। राहर एवं मूंग दाल 110, उड़द 100, मसूर 90, चना देसी 75, काबुली चना 120, सफेद मटर 60 और हरा मटर 100 रुपये किलो बिका। चना दाल 85, पोहा 45 और खड़ा मसूर 80 रुपये किलो रहा। अंडा इस सप्ताह भी 80 रुपये दर्जन बिका।

# पूर्व सरपंच के कार्यकाल में शौचालय निर्माण प्रस्ताव में कूटरचना का आरोप

- कलेक्टर एवं जनपद पंचायत कार्यालय में आवेदन सौंपकर जांच की मांग की

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



ग्राम पंचायत बोरिदखुर्द में पूर्व सरपंच के कार्यकाल का शौचालय निर्माण प्रस्ताव विवादों में घिर गया है। ग्रामवासियों ने आरोप लगाया है कि 26 जून 2021 के प्रस्ताव में कथित रूप से प्रस्ताव में बदलाव और कूटरचना की गई है।

दिव्यांशु साहू अधिवक्ता को सूचना के अधिकार के तहत प्राप्त दस्तावेज़ों के अनुसार प्रस्ताव में यह उल्लेख किया गया कि सदस्यों द्वारा विचार किया गया कि शौचालय निर्माण कार्य स्वीकृत हुआ है जिसे शीघ्र पूर्ण किया जाए। पूर्व सरपंच द्वारा माननीय न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी धमतरी में 22 मई 2025 को उक्त प्रस्ताव 26 जून 2021 को पेश किया गया। इसमें लिखा गया कि सदस्यों द्वारा विचार किया गया कि शौचालय निर्माण कार्य स्वीकृत हुआ है जिसे शीघ्र पूर्ण किया जाए। निर्माण बड़े तालाब के पास खसरा संख्या 674 में किया जाना है।

ग्रामवासियों ने आरोप लगाया कि पूर्व सरपंच द्वारा पेश की गई प्रस्ताव की कापी में कूटरचना कर अतिरिक्त शब्द बड़े तालाब पास खसरा संख्या 674 में किया जाना है जोड़ा गया, जो गलत है। उन्होंने कलेक्टर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत से मामले की जांच करवाने एवं दोषी व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में पूर्व सरपंच से संपर्क नहीं होने के कारण उनका पक्ष नहीं रखा जा सका।

## श्रवण बाधितार्थ बालिका स्कूल में खाद्य सामग्री एवं गर्म कपड़े बांटे

**धमतरी।** चेतन ग्रुप सदस्य एवं पास्ट प्रेसिडेंट इनरव्हील क्लब, संरक्षक सिंध शक्ति महिला संगठन समाज प्रिया पंजवानी द्वारा शासकीय श्रवण बाधितार्थ बालिका विद्यालय में जीना बुटीक की ओर से अंगद पंजवानी के जन्मदिन पर नवीन वस्त्र, खाद्य सामग्री एवं गर्म कपड़ों का वितरण किया गया। अतिथि दिव्यांगजन वित्त विकास निगम छग डायरेक्टर जानकी गुप्ता, सहायक संचालक कौशल विकास जिला प्रशासन शैलेंद्र गुप्ता, बसंत साहू, श्रीमती दुर्गा यादव, श्रीमती सुचिता लोंढे, निकिता तिवारी, दुर्गा साहू शासकीय श्रवण बाधितार्थ बालिका विद्यालय थे। जीना बुटीक की संचालिका जीना पंजवानी एवं समाजसेविका प्रिया पंजवानी द्वारा किए गए कार्य की दिव्यांगजन वित्त विकास निगम के अध्यक्ष लोकेश कावड़िया, कलेक्टर अबिनाश मिश्रा, समाज कल्याण विभाग डिप्टी डायरेक्टर मनीषा पांडे ने सराहना की।

## जनजातीय गौरव दिवस पर हुई निबंध, पोस्टर प्रतियोगिता



हरिभूमि न्यूज ⏭आमदी(धमतरी)

शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी के प्रभारी प्राचार्य डॉ. गौकरण प्रसाद जायसवाल के निर्देशन तथा कार्यक्रम संयोजक अंकित बोधवानी के मार्गदर्शन में जनजातीय गौरव दिवस के उपलक्ष्य में निबंध एवं पोस्टर, मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ. जायसवाल ने कहा कि उनकी जयंती 15 नवंबर को राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाई जाती है, जो आदिवासी समुदाय के योगदान और गौरवशाली इतिहास का सम्मान करता है। उनका जीवन और संघर्ष आज भी आदिवासी युवाओं और समाज के अन्य वर्गों के लिए समानता, न्याय और सामाजिक सेवा के महत्व को दर्शाता है। उनका संघर्ष और विरासत आदिवासी पहचान और स्वाभिमान का एक महत्वपूर्ण आधार बनी हुई है। कार्यक्रम में अतिथि प्राध्यापक डॉ. उपमा, डॉ. खुशबू ठाकुर, रमेश कुमार, महेश कुमार एवं प्रतिभागियों दामिनी, नेहा, प्रियंका, पुष्पांजलि, कांति, खुशबू, अंजलि तथा टुकेश्वर का विशेष योगदान रहा।

## व्यंजनों के स्टाल लगाए, गेम भी हुआ

- हाईस्कूल बाजार कुर्रीडीह में लइका मड़ई का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



बाल दिवस पर बाजार कुर्रीडीह में लइका मड़ई का आयोजन हुआ। शासकीय हाईस्कूल में यह आयोजन माध्यमिक शाला, हाईस्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा किया गया । विद्यार्थियों ने विभिन्न व्यंजनों के स्टाल लगाए । कुछ विद्यार्थियों ने रोचक गेम की प्रस्तुति दी। लइका मड़ई का उद्घाटन सरपंच मनीषा नरेश मरकाम ने किया। विशिष्ट अतिथि शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष नरेश मरकाम एवं कन्हैया लाल सलाम थे। मुख्य अतिथि मनीषा मरकाम ने कहा कि इस तरह के आयोजन से छात्र-छात्राओं की बहुमुखी प्रतिभा को मंच मिलता है। एसएमडीसी के अध्यक्ष नरेश मरकाम ने भी अपने विचार रखे। शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं शाला विकास समिति के सदस्यों ने व्यंजनों को चखकर आनंद उठाया।

शाला के व्याख्याता डॉ आशीष नायक ने बताया कि बाल दिवस के उपलक्ष्य में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यार्थी अपनी दैनिक दिनचर्या से हटकर कुछ अलग व रोचक कर सके व आगे के कार्यक्रम के लिए पुनः ऊर्जावान होकर तैयार हो सके। छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई । बच्चों के द्वारा विभिन्न व्यंजनों के स्टाल लगाए गए। मौके पर ग्राम पटेल हेमंत पटेल, पंचगण ठाकुरराम निषाद ,पार्वती नागवंशी, सत्या बाई, संतोषी बाई, रीना नेताम, संजु सेन, संजय, केसरबाई, लीलाराम नेताम, आत्माराम, संस्था प्रमुख अभय राम ध्रुव, माध्यमिक शाला के प्रधानपाठक जीवनलाल साहू, व्याख्याता चुम्मन साहू, शिवकुमारी नेताम, भगतराम मंडावी, खेमिन नागवंशी, अर्चना नागदेवे, निकिता तंबोली, सुनीता सिन्हा, हिना मंडावी, रूपेश सिन्हा, प्रदीप चंदेल, भागीरथी, हिरामन, मोहित समेत छात्र-छात्राएं एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

## महापौर ने किया कमल कप 2025 पोस्टर का विमोचन



- अंडर-19 इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट 24 से 30 नवंबर तक होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

स्कूली छात्रों की खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से आयोजित कमल कप 2025 अंडर-19 इंटरस्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट का पोस्टर रविवार को महापौर रामू रोहरा ने विमोचित किया।

टूर्नामेंट 24 नवंबर से 30 नवंबर तक स्व. बाबू पंढरीराव कृदत इंडोर स्टेडियम आमातालब रोड में संपन्न होगा। इसमें शहर एवं आसपास के कई प्रतिष्ठित स्कूलों की टीमें भाग लेंगी।

महापौर श्री रोहरा ने कहा कि धमतरी शहर खेल विकास को लेकर सदैव गंभीर रहा है और ऐसे आयोजन युवाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करते हैं। मौके पर वार्ड पार्षद चंद्रभागा साहू एवं कुलेश सोनी, आयोजन समिति के सदस्य अविनाश दुबे, मिथलेश सिन्हा, लोकेश टंडन, इंद्रेश देवांगन, केवल साहू, देवेंद्र ध्रुववंशी, राकेश यादव, अतुल साहू समेत अन्य उपस्थित थे। उत्कृष्ट खिलाड़ियों को ट्रॉफी, मेडल एवं प्रशस्ति-पत्र से सम्मानित किया जाएगा।

# आदिवासी परिवार की जमीन को नियम विरुद्ध विक्रय करने पर जांच की मांग

- अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष को बताई समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के नवनियुक्त अध्यक्ष रूपसिंह मंडावी से पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में छत्तीसगढ़ अनुसूचित जनजातीय शासकीय सेवक विकास संघ एवं सर्व आदिवासी समाज के सदस्यों ने मुलाकात की। सर्व आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष जीवराखनलाल मरई, अजजा शासकीय सेवक संघ के प्रदेश अध्यक्ष आरएन ध्रुव तथा जिला अध्यक्ष गेवाराम नेताम ने छत्तीसगढ़ में आदिवासी वर्ग की विभिन्न ज्वलंत समस्याओं जैसे 152 आदिवासी परिवार की जमीन गैर आदिवासी परिवार को नियम विरुद्ध विक्रय करने की जांच करने, पदोन्नति में आरक्षण तत्काल बहाल करने, जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति हेतु ढाई लाख की आय सीमा शिथिल करने, फर्जी जाति प्रमाण-पत्र धारी पर कार्रवाई करने, सरगुजा बस्तर संभाग में स्थानीय भर्ती पुनः बहाल करने, बैकलॉग भर्ती करने, छग मंत्रियों के पास अनुसूचित जनजाति वर्ग के कम से कम एक विशेष सहायक रखने, छत्तीसगढ़ के 33 जिलों में से कम से कम 11 जिलों में आदिवासी समाज से कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक पद पर पदस्थापना करने ज्ञापन सौंपा।

अध्यक्ष रूपसिंह मंडावी ने आयोग द्वारा आदिवासी समाज के उत्थान के लि किए जा रहे प्रयास की जानकारी दी। समाज के समग्र विकास के लिए शासन एवं आयोग के सहयोग की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने 32 प्रतिशत पदोन्नति में आरक्षण प्रदान करने संबंधित प्रस्ताव राज्यपाल को प्रेषित करने की जानकारी दी। इस दौरान अजजा शासकीय सेवक संघ के महासचिव दौलतराम ध्रुव, कोषाध्यक्ष वीएस सिदार, जितेंद्र नेताम, राकेश कुमार, महेश रावटे, शिव नेताम, कमलनारायण मंडावी, जयपालसिंह ठाकुर, भूमिका कोर्राम, हरिशंकर मरकाम, हेमंत ध्रुव, दिग्विजय ध्रुव व युवराज मरकाम सहित सामाजिक पदाधिकारी उपस्थित थे।

# छग सरकार जनजातीय समुदाय के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध : चंद्राकर

- बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर सामुदायिक भवन में जनजातीय गौरव दिवस मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर जिला मुख्यालय धमतरी के सामुदायिक भवन में जिला स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि कुरूद विधायक अजय चंद्राकर थे।

इस अवसर पर अध्यक्ष जिपं अरुण सर्वा, अध्यक्ष छग पिछड़ा वर्ग आयोग नेहरू निषाद, पूर्व विधायक रंजना साहू सहित जनप्रतिनिधि, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग विमल साहू, उपसंचालक समाज कल्याण विभाग डॉ. मनीषा पाण्डे, विभिन्न जनजातीय समाजों के जिला प्रमुख एवं गणमान्य नागरिक शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान अतिथि एवं उपस्थितजन प्रधानमंत्री के संबोधन से वर्चुअली जुड़े।

विधायक अजय चंद्राकर ने अपने संबोधन में कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार जनजातीय समुदाय के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने जनजातीय उत्थान की दिशा में देश में हुए तीन ऐतिहासिक मील के पत्थरों का उल्लेख करते हुए कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के दूरदर्शी नेतृत्व में आदिवासी बाहुल्य छग और झारखंड राज्यों का गठन किया गया, जो जनजातीय पहचान के सम्मान और उनके त्वरित विकास की दिशा में युगांतरकारी कदम था। श्री वाजपेयी द्वारा अलग जनजातीय कार्य मंत्रालय का गठन कर जनजातीय हितों की रक्षा के लिए एक मजबूत व्यवस्था स्थापित की गई। बिरसा मुंडा केवल एक योद्धा ही नहीं, बल्कि जनजातीय समाज के जागरण के प्रतीक समाज सुधारक थे। श्री चंद्राकर ने प्रधानमंत्री आवास एवं जनमन आवास के हितग्राहियों को आवास की चाबियां सौंपीं।जनजातीय समुदाय के प्राकृतिक चिकित्सकों (बैगा, गुनिया) को उनकी सेवाओं एवं योगदान के लिए सम्मानित किया गया। जिपं अध्यक्ष तथा अध्यक्ष छग पिछड़ा वर्ग आयोग ने भी जनजातीय संस्कृति, परंपरा और समाज के उत्थान पर अपने विचार व्यक्त किए।



## खबर संक्षेप



### बाल मेला में लगाए व्यंजनों के स्टॉल

**धमतरी।** शासकीय प्राथमिक शाला डाही व उच्च प्राथमिक शाला हंकारा में बाल मेला का आयोजन किया गया। बच्चों द्वारा विभिन्न प्रकार के व्यंजनों एवं सामग्रियों का स्टॉल लगाया गया। मौके पर शिक्षक- शिक्षिकाएं श्रीमती उमा चंद्राकर, मुरारीलाल साहू, मन्नू लाल देवांगन, रूपचंद अंसारी, यशवंत कुमार साहू उपस्थित थे।

### शिविर में 500 छात्रों का हुआ दंत परीक्षण




**धमतरी।** रोटरी क्लब द्वारा श्री एमआरडी शासकीय विद्यालय में बच्चों के लिए निःशुल्क दंत जांच शिविर आयोजित किया गया। शिविर में विशेषज्ञ दंत चिकित्सकों की टीम ने 500 से अधिक विद्यार्थियों का दंत परीक्षण किया। बच्चों को दांतों की नियमित सफाई, सही ब्रशिंग तकनीक तथा मौखिक स्वच्छता के महत्व के बारे में जानकारी दी। शिविर में रोटरी क्लब के अध्यक्ष मनीष मित्तल एवं सभी रोटेरियन ने पूरा सहयोग दिया।

### संबलपुर स्कूल में हुआ न्योता भोज



**धमतरी।** शाप्रा शाला एवं शामा शाला संबलपुर में बाल दिवस पर बलदेव राम नेताम सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी की स्मृति मे नेताम परिवार द्वारा न्योता भोज का आयोजन किया गया। न्योता भोज के साथ पेन, कॉपी का भी वितरण किया गया। इस अवसर पर कोमल सिंह नेताम, राहुल सिंह नेताम, हेमंत नेताम, हेमलता मरकाम, ललिता नेताम, हितेष नेताम, निखिल नेताम, टिकेन्द्र नेताम, मनिहारराम साहू प्रधानपाठक, श्रीमती कविता चंद्राकर, शबनम मसीह, झमित मेश्राम प्रधानपाठिका, केशरवानी मैडम, बंजारे मैडम, खान सर आदि उपस्थित थे।

### शिक्षा के साथ संस्कार भी जरुरी : विजय साहेब

**धमतरी।** बाल दिवस पर शाउमावि सलोनी में बाल संस्कार कार्यक्रम का आयोजन हुआ। मुख्य वक्ता विजय साहेब सेनचुआ ने बाल संस्कार, शिष्टाचार और गुरु की महत्ता पर विचार व्यक्त करते हुए कहा कि ब्रम्हा, विष्णु और महेश के रुप में हम अपने माता- पिता और गुरु की सेवा करे। उनकी बातों को अपने जीवन में अमल करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने शिक्षा के साथ संस्कारवान बनकर अच्छे नागरिक बनने की सीख दी। जीएस साहू सेवानिवृत व्याख्याता ने कहा कि विद्यार्थी जीवन में अनुशासन का बड़ा महत्व होता है। माता पिता की आशाओं पर हमें खरा उतरने के लिए काम करना चाहिए।

## निगम-डेयरी संचालकों की जल्द होगी संयुक्त बैठक, समाधान की उम्मीद

# गोकुलनगर योजना को मिलेगी नई रफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



लंबे समय से अधर में लटकी गोकुलनगर बसाने की योजना एक बार फिर रफ्तार पकड़ने की उम्मीद जगा रही है। नगर निगम और डेयरी संचालकों के बीच जल्द ही संयुक्त बैठक होने वाली है, जिसमें दोनों पक्ष मिलकर उपयुक्त स्थान और व्यवस्थाओं पर सहमति बनाने की दिशा में कदम बढ़ाएंगे। शहर में डेयरियों के कारण बढ़ती गंदगी, जाम होती नालियां और मच्छरों की समस्या को देखते हुए अब सभी पक्ष समाधान के लिए सकारात्मक माहौल में आगे बढ़ रहे हैं।

नगर निगम महापौर रामू रोहरा का कहना है कि गोकुलनगर को लेकर प्लानिंग स्पष्ट है और सोरम-भटगांव मार्ग पर करीब 3 एकड़ भूमि भी चिन्हित की जा चुकी है। ग्राम पंचायत के पदाधिकारियों के साथ प्राथमिक चर्चा भी हो चुकी है। निगम और डेयरी संचालकों की बैठक में शहर हित में निर्णय निकलेगा। वहीं डेयरी संचालकों का कहना है कि वे पूरी तरह से सहयोग करने को तैयार हैं, लेकिन गोकुलनगर ऐसे स्थान पर बसाया जाए जहां पानी, चारा व तापमान जैसी मूलभूत सुविधाएं सुगमता से उपलब्ध हो सकें। कुछ स्थानों पर विशेषज्ञों द्वारा भी पुनर्विचार की सलाह दी गई है, जिसके बाद दोनों पक्ष मिलकर नए विकल्पों पर विचार कर रहे हैं।

इधर शहर के कई वार्डों में डेयरियों से निकलने वाले गोबर और गंदगी के कारण स्थानीय लोग परेशान हैं। बरसात में यह स्थिति और गंभीर हो जाती है। लोगों की परेशानी को देखते हुए निगम और डेयरी यूनियन दोनों ही जल्द समाधान निकालने के पक्ष में हैं। विदित हो कि पूर्व में डेयरी संचालकों ने सोरम स्थित स्थान के लिए सहमति दी थी, लेकिन अब पुनर्विचार की आवश्यकता महसूस हो रही है। निगम जल्द ही सभी संचालकों के साथ बैठक कर उचित स्थान के चयन पर सामंजस्य बनाने का प्रयास करेगी।

डेयरी यूनियन के प्रतिनिधियों ने ग्राम अर्जुनी, श्यामतराई, मुजगहन और सेहराडबरी जैसे क्षेत्रों में उपलब्ध सरकारी भूमि को संभावित विकल्प बताया है। उनका कहना है कि वे निगम के साथ मिलकर ऐसा स्थान चुनने के लिए तैयार हैं, जो डेयरियों के संचालन और शहर की स्वच्छता दोनों के लिए उपयुक्त हो।

## लोकसभा यूनिटी मार्च की तैयारियां तेज, प्रभारी अधिकारियों की हुई बैठक

■ सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर होगा आयोजन



**नगरी।** सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाली लोकसभा यूनिटी मार्च पदयात्रा को सफल बनाने रेस्ट हाउस में कार्यक्रम प्रभारियों की बैठक हुई। पदयात्रा 18 नवंबर मंगलवार को महामाई फरसियां से प्रारंभ होकर गोरेगांव, अमाली, संबलपुर, छिपली होते हुए नगरी के बजरंग चौक में संपन्न होगी। बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। जिपं अध्यक्ष अरुण सार्वा, पूर्व नपं अध्यक्ष नागेंद्र शुक्ला, नपं अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, जिपं सदस्य अजय ध्रुव, जिलामंत्री दिनेश्वरी नेताम, पूर्व मंडल अध्यक्ष मोहन नाहटा, पूर्व जिला उपाध्यक्ष कमल डागा, पार्षद राजा पवार, जनपद सदस्य प्रेमलता नागवंशी, जनपद सदस्य शुभम यदु, पूर्व नपं उपाध्यक्ष अजय नाहटा, मंडल महामंत्री सुलोचना साहू, रूपेंद्र साहू, महामंत्री दीपक साहू, मीडिया प्रभारी मोहन पुजारी, मौर्यध्वज सेन, अमाली बूथ अध्यक्ष दीनदयाल सेन, युगल साहू तैयारी में जुटे हैं।

## बच्चों ने मनाया बाल दिवस और जनजातीय गौरव दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



शासकीय प्राथमिक शाला बाजारपारा लोहरसी में दो दिवसीय शैक्षिक तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। प्रथम दिवस पर मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान अंतर्गत एफएलएन मेला एवं बाल दिवस मनाया गया। इस दौरान पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती पर कक्षा पहली से तीसरी के विद्यार्थियों ने हिन्दी, गणित और अंग्रेजी विषयों से संबंधित आकर्षक टीएलएम सामग्री के स्टॉल लगाकर अपनी सीखने–समझने की क्षमता का प्रदर्शन किया। द्वितीय दिवस विद्यालय में जनजातीय गौरव दिवस मनाया गया। भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर उनके जीवन, संघर्ष और स्वतंत्रता आंदोलन में किए गए योगदान से बच्चों को परिचित कराया गया। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी को प्रभावित किया। बालसभा के दौरान बच्चों में बचत की आदत विकसित करने के लिए सभी को गुल्लक प्रदान किए गए।

## आज 100 बिस्तर सिविल अस्पताल का भूमिपूजन





हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

विकासखण्ड कुरूद में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के लिए वर्तमान में संचालित 50 बिस्तर सिविल अस्पताल का उन्नयन कर 100 बिस्तर किया गया है, जिसके नवीन अस्पताल भवन का भूमिपूजन कार्यक्रम आज प्रातः 11 बजे स्वामी विवेकानन्द इंडोर स्टेडियम कुरूद परिसर में रखा गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्यामबिहारी जायसवाल मंत्री लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास एवं बीस सूत्रीय क्रियान्वयन विभाग छग शासन होंगे। अति विशिष्ट अतिथि श्रीमती रूपकुमारी चौधरी सासंद महासमुन्द होंगे। अध्यक्षता अजय चन्द्राकर विधायक कुरूद करेंगे। विशिष्ट अतिथि अरूण सार्वा अध्यक्ष जिपं धमतरी, दीपक महस्के अध्यक्ष छग मेडि. सर्विसेस कोपर्पोरेशन लिमिटेड, गौकरण साहू उपाध्यक्ष जिपं धमतरी, श्रीमती ज्योति चन्द्राकर अध्यक्ष नपा कुरूद एवं श्रीमती गीतेश्वरी साहू अध्यक्ष जपं कुरूद होंगे।

## शिक्षा, स्वास्थ्य व रोजगार पर आप ने निकाली छत्तीसगढ़ बचाओ यात्रा

### नगर में बचाओ यात्रा का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

आम आदमी पार्टी द्वारा छत्तीसगढ़ बचाओ यात्रा की शुरआत बस्तर जोन से हो रही है। इसका शुभारंभ प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष उत्तम जायसवाल ने रायपुर कलेक्टर स्थित छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा में माल्यार्पण कर किया। यह यात्रा रायपुर से कोंडागांव, बीजापुर, सुकमा, दंतेवाड़ा होते हुए जगदलपुर पहुंचेगी। यहां यात्रा का समापन होगा। नगर के घड़ी चौक में इस यात्रा का आतिशबाजी के साथ धमतरी के कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। जिला अध्यक्ष विनोद सचदेवा ने बताया कि पार्टी ने यह यात्रा प्रदेश में संगठन विस्तार के लिए शुरुआत की है। प्रदेश में शिक्षा, स्वास्थ्य व रोजगार के मुद्दे के साथ प्रदेश में बढ़ती बिजली की दरों से हो रही परेशानी व प्रदेश की विभिन्न समस्याओं को लेकर प्रदेश की जनता को जागरूक किया जायेगा। मौके पर प्रदेश महासचिव वदूद आलम, वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष भानुप्रकाश चंद्रा, प्रदेश संगठन मंत्री तेजेन्द्र तोड़ेकर, प्रदेश अनुसूचित जनजाति विंग अध्यक्ष मेहर सिंग वट्टी, प्रदेश उपाध्यक्ष दुर्गा झा, प्रदेश उपाध्यक्ष घनश्याम चंद्राकर, मुन्ना बिसेन प्रदेश अध्यक्ष ओबीसी विंग, मिथिलेश बघेल प्रदेश अध्यक्ष महिला विंग, इमरान खान प्रदेश अध्यक्ष यूथ विंग, पवन चंद्रवंशी प्रदेश सचिव, संजय सिन्हा शहर अध्यक्ष, सत्यम पुरी गोस्वामी जिला उपाध्यक्ष, ललित नागरची जिला सचिव,राजनंदन जिला उपाध्यक्ष, पुरोहित बंजारे, अजहर खान ब्लॉक अध्यक्ष, तेजेश्वर साहू, मेघ सिंह मौजूद थे।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जी क्लीनिक
विशेषताएं– स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 3 एवं शाम 5 से 8 बजे तक (मंगलवार बंद)
पता : हनुमान मंदिर के पास सिहावा चौक, धमतरी
मो. 86027-50020

## सेजेस कंडेल में बाल दिवस पर आनंद मेला

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कंडेल में बाल दिवस के उपलक्ष्य में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं आनंद मेला का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता संतोष कुमार यादव ने किया। मुख्य अतिथि किरण शाला नायक थे। अध्यक्षता पुष्पलता उप शाला नायक ने की। विशेष अतिथि निधि साहू छात्र संघ सचिव सहित अरिफ खान, पूनमचंद, पल्लवी, मधु, गरिमा, हर्ष साहू, गोपिका साहू, हिमांतकी, मुस्कान, रितिका, कामेश कुमार, रविकांत साहू, युगल, युवराज, रेखराज, हितेश जोशी, युक्ति निर्मलकर, प्रत्युष साहू, कुमकुम साहू, पूर्वांशी साहू, दीपेश्वरी साहू, हिमांशु साहू, धारणा साहू, कनिका साहू, शौर्य साहू थे।

सांस्कृतिक कार्यक्रम में देशभक्ति गीत, समूह नृत्य, लघु-नाटिका, कविताएं और हास्य नाटक ने सभी को मंत्रमुग्ध किया। बच्चों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों द्वारा लगाई गई स्वादिष्ट व्यंजनों की स्टॉलें कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहीं। विशेष अतिथि नारायण साहू ने एनएसएस शिविर के प्रतिभागियों एवं शिक्षकों को सम्मानित किया। सरपंच गिरधर सार्वा, विधायक प्रतिनिधि नारायण साहू, अवध भारती, ओंकार नेताम और श्री सिन्हा ने भी अपने विचार रखे। प्राचार्य राहुल सिंह नेताम ने आभार व्यक्त किया।

online Booking:-www.tripuryatra.com
बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354 411411

## संक्षिप्त खबरें

### जिपं सभापति ने किया धान खरीदी का शुभारंभ



**नगरी।** सहकारी समिति सलोनी में पूजा-अर्चना के साथ धान खरीदी कार्य का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सभापति अजय ध्रुव रहे। उनके साथ जपं नगरी के सभापति शुभम यदु, सहकारी समिति के पदाधिकारी और क्षेत्र के किसान बड़ी संख्या में मौजूद रहे। किसानों में उत्साह का माहौल देखने को मिला।

### कमिश्नर, अपर कलेक्टर पहुंचे धान खरीदी केंद्र मोहंदी



**मगरलोड।** 15 नवंबर से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी प्रारंभ हुई। धान खरीदी केंद्र मोहंदी के शुभारंभ अवसर पर कमिश्नर, अपर कलेक्टर मैडम, पीके ठाकुर, जनपद सदस्य कृष्ण कुमार ध्रुव, भाजपा मंडल मगरलोड महामंत्री नंदनी सिन्हा, भरदा सरपंच भानुप्रिया साहू, लोकेश साहू, मोहंदी सोसाइटी के प्राधिकृत अधिकारी जनक साहू, पूर्व प्रबंधक जगदीश साहू, श्रवण साहू, महेश सिन्हा, नायब तहसीलदार श्री पटेल, सेवाराम, खूबलाल, मणि, लोकेश सिन्हा, ब्रांच मैनेजर, सुपरवाइजर सहित सैकड़ों किसान उपस्थित थे।

### जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने एसआईआर के लिए नियुक्त किए ब्लॉक प्रभारी

**धमतरी।** जिला कांग्रेस अध्यक्ष शरद लोहाना ने आगामी संगठनात्मक और प्रशासनिक कार्यों को गति देने के लिए छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर एसआईआर की प्रभावी निगरानी हेतु सभी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी में प्रभारियों की नियुक्ति की है। बेलरगांव ब्लॉक की जिम्मेदारी डॉ. लक्ष्मी ध्रुव को सौंपी गई है। नगरी आलोक जाधव, मगरलोड भरत नाहर, कुकरेल राजेन्द्र सोनी, कुरुद मोहन लालवानी, भखारा नीशु चंद्राकर, धमतरी ग्रामीण लेखराम साहू, शहर 01 विजय देवांगन एवं शहर 02 की जिम्मेदारी विजय गोलछा को सौंपी गई है।

### स्काउट गाइड का द्वितीय सोपान शिविर कंडेल में लगा



■ स्काउट गाइड सुनागरिक बनाने में योगदान देता है : एन.के.साहू

**धमतरी।** भारत स्काउट गाइड स्थानीय संघ धमतरी का द्वितीय सोपान प्रशिक्षण एवं परीक्षण शिविर का जोनस्तरीय आयोजन ग्राम कंडेल में किया गया। सेजेस प्राचार्य राहुल नेताम, योगेश्वर साहू, स्थानीय संघ सचिव सोहनलाल साहू ,एपीसी एनके साहू, जिला उपाध्यक्ष केआर साहू के मार्गदर्शन में कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। शिविर संचालक डॉ. श्रीमती मंजूषा साहू के मार्गदर्शन में ईश प्रार्थना झंडा गीत, ध्वज शिष्टाचार, प्राथमिक उपचार, सिटी के संकेत, हाथ के इशारे, खोज के चिन्ह ,बायां हाथ मिलाना, सैल्यूट, आदर्श वाक्य, बीपी सिक्स, नियम ,प्रतिज्ञा, आंदोलन का इतिहास, प्रथम सोपान की गांठों के बारे में विस्तार से बताया। शिविरार्थियों को पेन, कॉपी, रस्सी, दोपहर का नाश्ता, निःशुल्क दिया जा रहा है । उन्हें लगभग 20 टोली में विभाजित किया गया है। प्रत्येक टोली का नामकरण पशु पक्षी व फूलों के नाम पर रखा गया है। सभी बच्चे स्काउट-गाइड यूनिफॉर्म में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। सहायक संचालक डॉ. गणेश प्रसाद साहू, वीरेंद्र सिन्हा ,चोवालाल धीवर, खेमलाल साहू, कमलेश कंवर, कैलाश गिरी गोस्वामी, श्रीमती डोलेश्वरी साहू, श्रीमती उमा ठाकुर, श्रीमती नीतू रानी गुप्ता शिविर में अपना विशेष योगदान दे रहे हैं।

रायपुर के सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टर से मिलिए
18 नवम्बर दिन मंगलवार गायत्री मंदिर, कुरूद
19 नवम्बर दिन बुधवार सूरज मेडिकल, धमतरी
पेशाब एवं किडनी रोग
क्या आपको मूत्र मार्ग में जलन, दर्द, कमजोर धार
बार-बार पेशाब जाने की इच्छा होना
रात में बार-बार पेशाब जाना
पेशाब कपड़े पर लीकेज होना
क्या आप पेशाब मार्ग में पाईप डालते है?
पेशाब नली में सिकुड़न (Urethral Stricture)
प्रोस्ट्रेट ग्रंथी का बढ़ना (BPH)
मूत्र मार्ग में बार-बार इंफेक्शन Pus Cell बनना
पथरी (मूत्र मार्ग में पथरी)
यौन रोग पेनिस में दाने (Balanitis) छाले, खुजली, चमड़ी ना खुलना
यौन कमजोरी (इच्छा न होना) शुक्राणु की कमी, Erectile Dysfunction
क्या दवा लेने के बाद भी शुगर लेवल बढ़ा रहता है?
शुगर के कारण सुस्ती-कमजोरी-थकान, पाव के तलवों में जलन-झुनझुनी एवं दर्द का निदान
HB, कैल्शियम, यूरिक ऐसिड़, कोलेस्ट्रॉल एवं पेशाब की निःशुल्क जांच
दवाईयों पर 20% की छूट
मिरैकल्स होम्योपैथी
प्रो. डॉ. ए.के. चौरसिया एम.डी., (होम्योपैथी मेडिसिन) | डॉ. एस. चौरसिया एम.एस., (पाईल्स रोग विशेषज्ञ)
8982316464, 9630634468